## दवा वितरण

डाक्टरों द्वारा निर्धारित दवाएं कमरा नं.8013 औषधालय पटल से नि:शुल्क वितरित की जाती है। यह दवाएं आमतौर पर 3 से 7 दिन के लिए दी जाती है। दवाईयां केन्द्रीय प्रापण एजेंसी व खुली निविदा के आधार पर खरीदी जाती है।

**दवाईयों के लिए औसतन प्रतिक्षा समय: 20 मिनट**

**स्त्री, पुरुष, वरिष्ठ नागरिकों विकलांगों एवम् डी.जी.ई.एच.एस.कार्ड होल्डर के लिए अलग-अलग पटल।**

### बाह्य रोगी विभाग में उपलब्ध अन्य सुविधाएं:

| क्र. सं. | विशेषता/विभाग | कमरा नं. | दिन |
|---|---|---|---|
| 1 | टीकाकरण | 1028 | प्रतिदिन |
| 2 | फिजियोथैरेपी | 8008 | प्रतिदिन |

### अंतरंग रोगी विभाग

| वार्ड | स्थिति |
|---|---|
| आपातकालीन सदन | भू-तल |
| स्त्री-सदन | तीसरा-तल |
| पुरुष-सदन | चौथा-तल |
| आई.सी.यू. | प्रथम तल |
| नर्सरी | दूसरा-तल |
| शल्य पश्चात वार्ड | दूसरा-तल |

आकस्मिक विभाग मे इसके अतिरिक्त बिस्तर देख-रेख विभाग में भू-तल पर उपलब्ध है तथा भोजन-आहार विशेषज्ञों के परामर्श अनुसार मुफ्त दिया जाता है। अंतरंग विभाग के मरीजों से कोई शुल्क नहीं लिया जाता है।

**आगन्तुक समय**- ग्रीष्मकालीन सायं: 06:00 से 08:00 तक

शीतकालीन सायं: 05:00 से 07:00 तक

### शल्यकर्म सुविधाएं:

इस अस्पताल में चार मुख्य शल्य शालाएं है। जो कि शल्य, प्रसुति, परिवार नियोजन, नेत्र एवं नाक, कान गला विभाग तथा अस्थि मज्जा विभाग के लिए है तथा दूसरे तल पर कार्यरत है। दो आकस्मिक शल्य शालाएं आपात कालीन विभाग में स्थित है जो 12 घंटे कार्यरत है। दो लघु शल्य शालाएं जिसमें कि आँख, नाक, कान, गला तथा स्त्री रोग से संबंधित लघु शल्य चिकित्सा की जाती है।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं:

वरिष्ठ नागरिकों को सभी सुविधा में प्राथमिकता दी जाती है। इनके लिए पंजीकरण, दवा वितरण व स्वास्थ्य परीक्षण बिना पंक्ति की दी जाती है। हर रविवार को वृद्धावस्था ओ.पी.डी. होती है।

## अन्य उपलब्ध सुविधाएं

- शीतल पेय जल
- विकलांग कुर्सी व ट्राली बाह्य रोगी व आपातकालीन विभाग में
- पार्किंग सुविधा
- विद्युत जनरेटर
- पर्याप्त जन सुविधाएं
- लिफ्ट व ढलाव प्रावधान
- गोष्ठीकक्ष
- जलपान गृह सुविधा
- स्टाफ के लिए आवासीय व्यवस्था

### यदि शिकायत हो तो

ऐसे कई अवसर आ सकते है जब हमारे सेवाएं आपकी अपेक्षानुसार न हो। ऐसी स्थिति में अपने सुझाव/शिकायत दर्ज करने में न झिझकें। इससे हम आपकी सेवा और बेहतर ढंग से कर पाएंगे। किसी तरह की शिकायत पर कृपया शिकायत अधिकारी के कमरा नं.3005 में संपर्क करें। हर शिकायत पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। हमारा उद्देश्य आपकी हर शिकायत की जल्दी व उचित निवारण करना है। सुझाव/शिकायत पेटी भी अस्पताल में उपलब्ध है।

### उपयोगकर्त्ताओं के उत्तरदायित्व:

- अस्पताल की सफलता उपयोगकर्त्ताओं के सहयोग पर निर्भर है।
- कृपया अस्पताल की परेशानियों को समझने का प्रयत्न करें।
- कृपया दूसरे मरीजों को असुविधा न हो।
- कृपया अस्पताल सेवाओं का उपयोग ध्यानपूर्वक करें।
- दलालों से सावधान रहें।
- अस्पताल में धूम्रपान निषेध है।
- कृपया अस्पताल कर्मचारियों से पक्षपात का अनुरोध न करें।
- अस्पताल सेवाओं को बेहतर बनाने में अपने सुझाव चिकित्सा अधीक्षक को दें।
- कृपया अपना बाह्यरोगी विभाग पर्ची जरूर लाएं।

अपने सहयोग के लिए हमें सहयोग दें।

**स्वास्थ्य सबके लिए**

अस्पताल सेवाओं में बिना किसी सूचना के बदलाव आ सकता है।

# नागरिक सनद




राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## दीपचन्द बंधु अस्पताल

कोकीवाला बाग, अशोक विहार,
फेज-4, दिल्ली-52

वेबसाईट: www.delhigovt.nic.in
ईमेल: msdcbhdhs.delhi@nic.in

## नागरिक सूचनार्थ उद्देश्य

इस सनद द्वारा उपयोगकर्त्ता/नागरिक अस्पताल के बारें में बुनियादी जानकारी प्राप्त कर सकता है जैसे:-

- अस्पताल अवस्थिति व सामान्य जानकारी।
- उपलब्ध सुविधाएं/सेवाएं।
- परिवाद व शिकायत।

यह एक सामान्य माध्यमिक (जिला) स्तर का अस्पताल है तथा जो मरीज आते है उन्हें स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है। परन्तु विशेष समय पर उपलब्ध-संपदा का असर सेवाओं पर पड़ सकता है। यह अस्पताल सामान्य माध्यमिक स्तर का होने के कारण विशिष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान नहीं करता तथा ऐसे मरीजों को बड़े अस्पतालों में भेजने का निर्देश/विचार-विमर्श किया जाता है।

## अस्पताल की अवस्थिति

इस अस्पताल की मुख्य जानकारी इस प्रकार से है

| | |
|---|---|
| अस्पताल की अवस्थिति | अशोक विहार, दिल्ली–110052 |
| अस्पताल फोन नं. | 01127305953 |
| अस्पताल में बिस्तरों की सं. | 230 |
| O.P.D. समय (साप्ताहिक दिवस) | प्रातः 8:00 बजे से सायं 12:00 बजे तक |
| O.P.D. शनिवार समय | प्रातः 8:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |

## औसतन अस्पताल का प्रतिदिन कार्यभार

| | |
|---|---|
| बाह्य रोगी संख्या | 2000 (अनुमानित) |
| एक्सरे की संख्या | 200 (अनुमानित) |
| ऑपरेशन की संख्या | 10 (12 घंटे) |
| आपातकालीन संख्या | 550 (अनुमानित) |
| बिस्तर पर मरीज दर | 90 प्रतिशत |
| अल्ट्रासाऊंड संख्या | 20 (अनुमानित) |
| ई.सी.जी. संख्या | 65 (अनुमानित) |

## केन्द्रीय पंजीकरण

### स्वागतकक्ष, पूछताछ एवं पंजीकरण:

बाह्य रोगियों के पंजीकरण हेतु इस अस्पताल में मर्दाना, जनाना, वरिष्ठ नागरिक स्त्री शक्ति कार्ड धारकों व दिल्ली सरकार कर्मचारियों के लिए अलग-अलग लाइनों द्वारा संक्षम रूप से एक केन्द्रीय कम्प्यूटीकृत पंजीकरण केन्द्र स्थापित है। जिसमें पांच काऊंटर इस प्रकार है-नए व पुराने पुरूष, स्त्री शक्ति कार्ड धारक, वरिष्ठ नागरिक, दिल्ली सरकार स्वास्थ्य लाभार्थ योजना के अंतर्गत आने वाले कर्मचारियों या अधिकारियों के लिए अलग पंक्तियाँ हैं। केवल एक ही कार्ड के द्वारा अस्पताल के विभिन्न विभागों में जांच कराई जा सकती है।

आकस्मिक चिकित्सा विभाग तथा अंतरंग रोगी विभाग की सेवाओं के लिए पंजीकरण पटल आकस्मिक विभाग में 24 घंटे कार्यरत है।

उपयोगकर्ताओं की सुविधा हेतु महत्वपूर्ण स्थानो पर दिशा-निर्देश पटल उपलब्ध है। दूरभाष द्वारा पूछताछ का भी जवाब दिया जाता है। (दूरभाष नं. 27305953)

### पंजीकरण की औसतन प्रतीक्षा समय: 10 मिनट

## उपलब्ध सेवाएं

### दुर्घटना व आपातकालीन सेवाएं:

- दुर्घटना आपातकालीन सेवाएं हर वक्त निरन्तर उपलब्ध है
- ड्यूटी डाक्टर हर वक्त उपलब्ध होते है।
- विशेषज्ञ डाक्टर बुलाने पर उपलब्ध होते है।
- 24 घंटें का प्रसूति गृह
- 24 घंटें का नर्सरी
- 24 घंटें का आई.सी.यू.
- 24 घंटें लैब, ब्लड लैब
- गंभीर मामलों में ईलाज/प्रबंधन को कागजी कार्यवाही से अधिक प्राथमिता दी जाती है जैसे पंजीकरण व चिकित्सा विधिक कार्यवाही आदि। इसका निर्णय उपचार कर रहे चिकित्सक के निर्णय पर निर्भर करता है। जिन मरीजों को अति विशिष्ट सेवाओं की आवश्यकता होती है। उन्हें दिल्ली सरकार के अन्य बड़े अस्पतालों में निर्दिष्ट किया जाता है।
- किसी भी प्रकार की परेशानी पर कृपया आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें। संतुष्ट न होने पर उप चिकित्सा अधीक्षक/चिकित्सा अधीक्षक से संपर्क करें।

## बाह्य रोगी विभाग

**पंजीकरण:** प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (साप्ताहिक दिवस)
प्रातः 07:30 बजे से 11:00 बजे तक (शनिवार)

| क्र.सं. | विशेषता/विभाग | कमरा नं. | ओ.पी.डी दिवस |
|---|---|---|---|
| 1 | स्त्री व प्रसूति | 1001, 1004, 1009 | प्रतिदिन |
| 2 | बाल रोग | 1020, 1021, 1023, 1024 | प्रतिदिन |
| 3 | काय चिकित्सा | 2017, 2018 | प्रतिदिन |
| 4 | शल्य चिकित्सा | 2040, 2041 | शुक्रवार छोडकर प्रतिदिन |
| 5 | अस्थि रोग | 8001, 8002, 8004 | सोमवार छोडकर प्रतिदिन |
| 6 | दंत रोग | 1011 | प्रतिदिन |
| 7 | आँख | 2038 | प्रतिदिन |
| 8 | ई. एन.टी | 2020 | प्रतिदिन |
| 9 | चर्मरोग | 2017, 2018 | प्रतिदिन |

### विशेषज्ञ बाह्य रोगी निदानालय

वृद्धावस्था क्लीनिक 2nd & 4th रविवार सुबह 9:00–12:00 बजे तक

मधुमेह क्लीनिक प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार सुबह 9:00–12:00 बजे तक

केन सेवी क्लीनिक शुक्रवार सुबह 9:00–12:00 बजे तक

### निदान सेवाएं

**समय:** प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक (साप्ताहिक दिवस)
प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक (शनिवार)

| क्र. सं. | विशेषता/विभाग | कमरा नं. |
|---|---|---|
| 1 | प्रयोगशाला | 8024, 2064 |
| 2 | एक्स-रे | 8017 |
| 3. | अल्ट्रासाऊंड | 8018 |
| 4. | ई.सी.जी | 2014 |
| 5. | दंत एक्स-रे | 1011 |
| 6. | एच आई.वी./एड्स | 8011, 1015 |
| 7. | रक्त कोष | |

(अंतरंग एवं गर्भवती रोगियों के लिए निःशुल्क)

समस्त रक्त एवं अन्य प्रकार की जांच के नमूने केंद्रीय नमूना संग्रह केन्द्र कमरा नं. 2064 में प्रात 08 AM बजे से 11 AM बजे तक सम्बन्धित चिकित्सक के निर्देशानुसार एकत्रित किए जाते है।

विशेष निदान सेवाएं: कुछ विशेष निदान सेवा भी उपलब्ध है जैसे कि एच.एस.जी कल्चर सेन्सिविटि एफ.एन.ए.सी.।